श्रीश्याम फागोत्सव व विशाल भजन संध्या का आयोजन

निवाई, (निसं)। जमात में स्थित हनुमान नगर में सोमवार को श्री श्याम सेवा संघ परिवार हनुमान नगर के तत्वावधान में श्री श्याम फागोत्सव व विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

भजन संध्या का शुभारम्भ गायक कलाकार रजनी राजस्थानी जयपुर, रिषभ मित्तल केकडी व राजू खण्डलवाल ने गणेश वंदना के साथ किया। गायक कलाकार रजनी राजस्थानी ने मेरी झोपडी के सारे भाग आज खुल जाएंगे, जब राम आएंगे, रात श्याम सपने में आए, दाहिया पी गए सरर, देना हो तो दिजिए जनम जनम का साथ, एक बार चले आवों सांवरे, धूम मची है श्याम के दरबार में एवं मेरा एक साथी है बडा ही भोला भाला है सहित कई भजनों की प्रस्तुति दी।

- **गायक कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी, श्रद्धालुओं ने जमकर ठुमके लगाए**

रिषभ मित्तल केकडी ने श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी दामोदरम बृजबिहारी, जन्म जन्म का साथ है हमारा तुम्हारा तुम्हारा हमारा, मीठे मीठे सांवरे की मुरली बाजे राधा रानी नाचे, अधरम मधुरम, श्यामा आन बसो वृंदावन में, दे दे थोडा प्यार तेरा क्या घट जाएगा, मेरा श्याम बडा रंगीला, तेरा ही सहारा मुझे तेरा ही सहारा सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी। राजू खण्डेलवाल ने कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आणों है, चलो बुलावा आया है श्याम ने बुलाया है, दरबार तेरा सांवरिया किसने सजाया है, वो किस्मत वाले होते है जिन्हे श्याम बुलाते है एवं मैया का चैला है रंगला सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी। गायक कलाकार महेश दरगड ने करदो करो बेडा पार राधे रानी की है सरकार, राधे-राधे जपो चले आएंगे बिहारी सहित कई भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान गायक अनिल शर्मा, राकेश गुरुजी, महेश खण्डेलवाल, रवि पारीक व मनीष साहू सहित कई स्थानीय गायक कलाकारो ने भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर ठुमके लगाए। श्याम मित्र मण्डल के अध्यक्ष रवि अग्रवाल व जगदीश शर्मा ने बताया की फागोत्सव कार्यक्रम में बाबा श्याम का कलकता के फूलों से भव्य श्रंगार कर छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। पुष्प वर्षा व इत्र वर्षा करके फूलो की होली व फागोत्सव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर विधायक रामसहाय वर्मा, मोहित टेलर रामाज, महेश गौतम, संजय, हरि माली, धनराज, पन्नु बना, राजेश, तन्नु, अशोक कुमार नागर, नरेश स्वामी व जगदीश संगम सहित कई लोग मौजूद थे।

हनुमान नगर में आयोजित भजन संध्या में गायक कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुती दी।

पेयजल समस्याओं के निस्तारण के निर्देश

दूदू, (निसं)। जिला कलेक्टर कार्यालय कक्ष में जिला कलेक्टर हनुमानमल ढाका ने जिले के अधीन पेयजल विद्युत एवं जिला मुख्यालय पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर तीन दिवस में पेयजल लाइन कार्य को पूरा करने एवं नाली निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। ढाका ने निर्माणाधीन सड़क कार्य को निर्धारित समय पर पूरा करने व 5 अप्रेल तक बीसलपुर पेयजल योजना की पाइप लाइन बिछाने, क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की तुरंत मरम्मत करने, सड़क निर्माण कार्य के बीच में आ रहे विद्युत पोल हटाकर उपयुक्त स्थान पर स्थापित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिले के अधीन पेयजल आपूर्ति की जानकारी प्राप्त कर गर्मी के मौसम को ध्यान में रखकर समस्याओं के निस्तारण एवं खराब पड़े हैंडपंप ठीक करवाने, टैंकरों के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश जलदाय विभाग के अधिकारियों को दिए। जिला मुख्यालय पर जिले के अधीन होने वाली आगजनी की घटनाओं को लेकर चर्चा की गई तथा जिला मुख्यालय पर अग्नि शमन वाहन दमकल की आवश्यकता महसूस की गई व्यवस्था के लिए स्वायत शासन विभाग को पत्र लिखने के निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार, उपखंड अधिकारी योगेश सिंह, देवदेल तहसीलदार मदन परमार, अधीक्षण अभियंता जेपी बेरवा, जीएस वर्मा, पीएल मीणा सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

लोकगीत के माध्यम से मतदान के लिए जागरूक किया

रालावास ग्राम में स्वीप टीम ने लोक गीतों के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक किया।

रामगढ़ पचवारा, (निसं)। विधानसभा लालसोट उपखंड क्षेत्र के रामगढ़ पचवारा के ग्राम रालावास में स्वीप टीम रामगढ़ पचवारा ने सीबीईओ मुरारीलाल जांगिड़ और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रालावास के सानिध्य में मतदाताओं का सम्मान कर शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प दिलाया।

स्वीप टीम द्वारा चालू की मतदाता सागर चला जी आपका वोट के बाद लोकगीतों के माध्यम से मतदाताओं में मतदान जागरूकता के अलग जगाई गई। लोकसभा चुनाव को लेकर टीम भारत निर्वाचन आयोग की निर्देशानुसार मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कमर कस कर कार्यक्रम कर रहे हैं एवं जागरूकता कार्यक्रमों का दौर जारी है। कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य धनराज मीना,घनश्याम वर्मा, प्रमोद, सीताराम महावर, मौसमी मीना, ललिता सोनी, गल्लो देवी आंगनबाड़ी साथी, उर्मीला मीना सहायिका ने आगंतुक सभी मतदाताओं का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया । सीबीईओ मुरारीलाल जांगिड़ ने विद्यार्थियों को क्वीज प्रश्नोत्तरी के माध्यम से मतदान का संदेश दिया, साथ ही मतदाताओं से अपील की कि लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान करें। प्रभारी नाथूलाल मीना, विकाश गौतम ने वोट अमूल्य है,लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताते हुए मतदान दिवस 19 अप्रैल,2024 को अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया।मनोहर सिंह पिनारा,कैलाश पांचाल, लालूराम बैरवा ने चालों चालों जी मतदाता महाके लार, चाला जी आपा वोट देबा नामक गीत प्रस्तुत कर मतदाताओं का मन मोहा।जयप्रकाश सैनी,श्याम सैनी,कमलेश बैरवा ने मतदान की शपथ दिलाकर अधिक सेअधिक मतदान का संदेश दिया ।इस अवसर पर फूला देवी,फूला प्रजापत,कन्हैया लाल महावर पूर्व सरपंच,हीरालाल महावर, पांचुराम,महेंद्र मीना सहित अनेक पुरुष महिला मतदाता कार्यक्रम में उपस्थित रहे व मंच संचालन महेंद्र साहू ने किया ।

उमरैण व मालाखेडा प्रधान ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष दौरा किया

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए उमरैण प्रधान दौलत राम जाटव ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में गांवों में जनसम्पर्क किया।

अलवर, (निसं)। भाजपा प्रत्याशी भूपेन्द्र यादव के समर्थन में हाल ही में कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए उमरैण प्रधान दौलत राम जाटव व मालाखेड़ा प्रधान वीरमति जाटव लगातार अलवर ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में भाजपा को ज्यादा से ज्यादा बहुमत दिलाने के लिए कड़ी भागदौड़ कर रहे हैं।

उमरैण प्रधान दौलतराम जाटव व मालाखेड़ा प्रधान वीरमती जाटव भाजपा के पूर्व विधायक वेद प्रकाश जाटव के साथ भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए अलवर ग्रामीण विधानसभा के सभी गांवों में जनसम्पर्क करते हुए भाजपा की नीतियों को जनता के सामने रख रहे हैं ताकि भाजपा के प्रत्याशी को अलवर ग्रामीण से भारी बहुमत से जिताया जा सके। क्योंकि अलवर ग्रामीण से भाजपा प्रत्याशी को जितनी अधिक बढत मिलेगी तो यह जीत दोनों प्रधानों की होगी क्योंकि अलवर ग्रामीण से मौजूदा विधायक प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली है और अलवर ग्रामीण में दोनों प्रधानों की मेहनत ही भाजपा प्रत्याशी को बढत दिला सकती है। इसके लिए दोनों प्रधानों ने नींद भूख छोड कर प्रचार अभियान को तेज चला रखा है क्योंकि यहां से भाजपा की जीत इन दोनो प्रधानों का राजनेतिक भविष्य तय करेगी। मंगलवार को दोनों प्रधानों ने अलवर ग्रामीण विधानसभा के करीब एक दर्जन गांवों में व खेतों में पहुंच जनसम्पर्क किया।

ईंट भट्टे से निकलने वाली धुंआ से ग्रामीण परेशान

अलवर, (निसं)। अलवर शहर के पास बुर्जा मैन रोड पर स्थित राजा ईंट भट्टा की चिमनी से निकलने वाली जहरीली घुआं से ग्रामीण परेशान हैं। इस मामले को लेकर जल्दी ग्रामीण अलवर में मौजूद केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं राज्य मंत्री संजय शर्मा से मिल कर इस ईंट भट्टा को बंद करवाने की मांग करेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि राजा ईंट भट्टा के संचालकों को कई बार इस बारे में शिकायत की है कि वे इस प्रकार चिमनी से प्रदूषण ना फैलाएं साथ ही गांव की उपजाउ भूमि से मिट्टी ना लेवें इससे भूमि का दोहन होने से भूमि बंजर हो रही है। लेकिन भट्टा संचालक ग्रामीणों की समझाइश को नहीं मान रहे हैं। भट्टे से निकलने वाली जहरीली काली धुआं से ग्रामीणों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है गांव के घरों पर काली परतें छा गई हैं। ग्रामीण अब इससे निजात पाने के लिए केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और राज्य पर्यावरण मंत्री संजय यादव से मिल कर इस भट्टे को यहां से हटवाने की मांग करेंगे।

नंदीकेश्वर के मेले ने प्रदेश में अपनी पहचान बनाई : व्यास

सांभरझील, (निसं)। यहां एक धर्मशाला में नंदीकेश्वर मेला समिति के सदस्यों और पदाधिकारियों की अहम सभा का आयोजन हुआ।

सभा की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष कुलदीप व्यास व सचिव अनिल कुमार गट्टानी ने संयुक्त रूप से किया। धुलंडी के दिन नंदीकेश्वर की भव्यता के साथ सवारी निकालने में दिए गए योगदान के लिए सभी आमजन, सदस्यों का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने कहा कि राजा गोगराज के समय से भगवान शिव के प्रतीक रूप में निकलने वाली नंदीकेश्वर की सवारी और हजारों की संख्या में आने लोगों ने प्रदेश तक इसकी पहचान कायम की है। पर्यटन विभाग की ओर से भी इसमें आर्थिक योगदान दिया जा रहा है। आने वाले समय में मेले को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए समिति लगातार प्रयास करती रहेगी। सचिव गट्टानी ने कहा कि यह सांभर के लिए ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय होना चाहिए कि नंदीकेश्वर की ऐतिहासिक सवारी केवल सांभर में ही निकलती है। इस मौके पर समिति की तरफ से आयोजित करवाई गई अनेक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पारितोषिक प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि तहसीलदार कृष्णा शर्मा, थानाधिकारी राजेश कुमार वर्मा की मौजूदगी में चेयरमैन बालकिशन जांगिड़ ने कलाकारों व अखाड़ा के उस्तादों का भी साफा पहनाकर अभिनंदन किया तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इस दौरान पंडित विजय व्यास, महेश व्यास, रामकिशोर व्यास, चंद्रशेखर शर्मा, बालकिशन शर्मा, कमल शुक्ला, दीपक शर्मा, उमाशंकर व्यास, विवेक शर्मा, शेयर व्यास, संजय दाधीच, सूठवाल, ऋषभ कुमावत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सांभर में नंदीकेश्वर की सवारी में योगदान देने वालों का सम्मान किया।

मुख्यमंत्री व चिकित्सा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे

जयपुर, (निसं)। राजस्थान यूटीबी कार्मिक एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष गिरीश शर्मा ने बताया कि यूटीबी पर कार्यरत हजारों की संख्या में नर्सिंग और पैरामेडिकल कर्मचारियों की सेवाएं 31 मार्च 2024 को समाप्त कर दी गई है।

जिसके कारण अभ्यार्थियों में भारी आक्रोश है आज राजस्थान भर में मुख्यमंत्री और चिकित्सा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे गए और विरोध प्रदर्शन किया गया। शर्मा ने बताया कि एक तरफ जहां स्टाफ की भारी कमी है और संपूर्ण प्रदेश में मौसम की बीमारियों का कहर है और दूसरी तरफ इस तरह हजारों की संख्या में अभ्यर्थियों को नौकरी से निकाल देना कहां का न्याय है उन्होंने मुख्यमंत्री महोदय और चिकित्सा मंत्री महोदय से अपील कि है कि अति शीघ्र सेवा अवधि में वृद्धि की जाए अन्यथा संपूर्ण राजस्थान में यूटीबी कार्मिक विरोध प्रदर्शन करेंगे जिसकी समस्त सरकार और प्रशासन की होगी।

51सौ लीटर देशी शराब बनाने की वाश नष्ट की

बौंली, (निसं)। सवाई माधोपुर जिला आबकारी विभाग द्वारा चुनाव आचार संहिता की पालना में अवैध देशी शराब बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आदलवाडा की रामगढ़ ढाणी में दबिश देकर 10 भट्टियां व 51सौ लीटर अवैध देशी शराब बनाने की वाश को नष्ट किया है।

- **आबकारी विभाग की टीम ने 10 भट्टियां नष्ट की व आठ बोतल हथकड़ शराब बरामद कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू की**

जानकारी के अनुसार जिला आबकारी अधिकारी अनिल कुमार यादव के निर्देशन में सहायक आबकारी अधिकारी ओम प्रकाश स्वर्णकार के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबीर सूचना पर आदलवाडा गांव की रामगढ़ ढाणी में दबिश दी जिसमें टीम को अवैध शराब बनाने की 10 भट्टियां एवं 51सो लीटर वाश मौके पर मिला टीम को देखकर अवैध शराब बनाने की आरोपी फरार हो गए लेकिन आबकारी विभाग की टीम ने मौके पर ही 10 भट्टियां व 51सौ लीटर वाश को नष्ट कर दिया एवं आठ बोतल हथकड शराब बरामद कर दो मामले दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

जांगिड़ ब्राह्मण समाज की बैठक

पीपलू, (निसं)। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण समाज ने आराध्य देव भगवान श्री विश्वकर्मा के मंदिर चतुर्भुज तालाब टोंक पर मंगलवार को कार्यकारी जिला अध्यक्ष महेश जांगिड़ भरनी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया। बैठक में मंदिर निर्माण को लेकर अब तक हुए कार्य का निरीक्षण करते हुए मंदिर के ऊपर छत डलवाने के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक में तहसील अध्यक्ष राधेश्याम पालड़ी, मंदिर अध्यक्ष रमेश जांगिड़, कोषाध्यक्ष शिवजी लाल जांगिड़, कैलाश जांगिड़ नयागांव, श्योजीराम जांगिड सोलंगपुरा कई लोग मौजूद थे।

स्कूल के विकास कार्यों का निरीक्षण किया

निवाई, (निसं)। पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में संचालित विकास कार्यों का सीबीईओ हरिनारायण मीणा ने औचक निरीक्षण करके आश्यक दिशा दिशा निर्देश दिए।

प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि सीबीईओ मीणा ने विद्यालय में संचालित विकास कार्यों का निरीक्षण कर सराहना की। प्रधानाचार्य डॉ. नरूका ने सीबीईओ मीणा को अवगत करवाया कि विद्यालय में पीएमश्री विद्यालय मॉडल अनुरूप किचन गार्डन, हर्बल गार्डन, तार फेन्सिग, रंग रोगन व कक्षा कक्ष निर्माण कार्य चल रहे है। वर्तमान में एक कक्षा कक्ष डीएमएफटी फण्ड, एक कक्षा कक्ष समग्र शिक्षा, रंग रोगन, पुताई, किचन गार्डन, हर्बल गार्डन, स्टाफ व बॉयज टायलेट रिपेयरिंग वर्क, तार फेन्सिग वर्क, एमएमईआर फण्ड, विकास फण्ड स्टाफ व जनसहयोग के माध्यम से किया जा रहा है।

भगवान शिव के हनुमान रूप में अवतार का वर्णन किया

पावटा, (निसं)। बाबा भूतनाथ जोहडा धाम मंदिर पावटा में बाबा भूतनाथ कमेटी पावटा के तत्वाधान में चल रही संगीतमय शिव महापुराण की कथा के दूसरे दिन 11 वर्षीय भागवत भूषण कथा व्यास श्रीकृष्णा दुबे महाराज ने महाशिवपुराण कथा का श्रद्धालु भक्तों को रसपान कराया। आचार्य ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा से ही संसार की सारी बाधाएं समाप्त हो जाती हैं।

भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए राम नाम का गुणगान सदा करते रहना चाहिए। राम के नाम से भगवान भोलेनाथ बहुत जल्दी प्रसन्न होकर अपने भक्तों को मनोवांछित फल देते हैं। जीवन के सभी कष्टों व संतापो को समाप्त करने के लिए भगवान भोलेनाथ की आराधना, भक्ति भाव व समर्पणता के साथ करनी चाहिए। कथा व्यास श्री कृष्णा दुबे महाराज ने महाशिवपुराण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि श्राद्ध पक्ष में गंगा तट पर श्रीशिव महापुराण का रसपान करने से पितृ दोष की शांति होती है। श्राद्ध पक्ष में पितृ दोष समाप्त करने के लिए महाशिवपुराण का आयोजन करना चाहिए व समाज में सुख शांति समृद्धि बनी रहती है बिना शिव महापुराण सुने मोक्ष की प्राप्ति नहीं हो सकती सभी पुराणों में शिव महापुराण सर्वश्रेष्ठ महापुराण है इसका पठन-पाठन करने से हमारे पितृ प्रसन्न होते हैं और हमें सुख समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। इस अवसर पर शिव महापुराण कथा का वाचन करते हुए व्यास श्री कृष्णा दुबे महाराज ने श्रद्धालु भक्तों से कहा कि श्राद्ध पक्ष में हमें अपने पित्र दोष शांति के लिए पितरों के निमित्त महाशिवपुराण का आयोजन कर श्रद्धा भाव से ब्राह्मणों से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करानी चाहिए तथा दीन हीन, वंचित वर्ग में अन्न, वस्त्र का वितरण करना चाहिए। वही उन्होंने शिव पुराण में भगवान शिव के अनेक अवतार का वर्णन किया गया है। इसमें पहला अवतार भगवान शिव का माना गया है। राम भक्त हनुमान की माता अंजनी ने भगवान शिव को अपने पुत्र के रूप में प्राप्त करने के लिए उनकी घोर तपस्या की थी और वर मांगा था। जिसके बाद भगवान शिव ने पवन देव के रूप में अपनी रुद्र शक्ति का अंश हवन कुंड में अर्पित कर दिया था। भगवान शिव द्वारा अर्पित की गई वहीं शक्ति माता अंजनी के गर्भ में प्रविष्ट हुई, और फिर चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के दिन हनुमान का जन्म हुआ। भगवान शिव ने उसी समय अपना रुद्र अवतार लिया था। विष्णु से भगवान शिव को दास्य का वरदान प्राप्त हुआ था। हनुमान उनके 11वें रुद्र अवतार हैं। इस रूप में भगवान शिव ने राम की सेवा भी की और रावण के वध में उनकी मदद भी की थी।

बाबा भूतनाथ जोहडा धाम मंदिर पावटा में चल रही शिव महापुराण की कथा के दूसरे दिन 11 वर्षीय कथा व्यास श्रीकृष्णा दुबे महाराज ने महाशिवपुराण कथा का भक्तों को रसपान कराया।

पक्षियों के लिए परिंडे बांधे

श्रीमाधोपुर , (निसं)। ग्राम पंचायत सिहोडी मैं मंगलवार को किसान युवा संगठन के तहसील अध्यक्ष दिनेश डोडवाडिया के नेतृत्व में पंचायत के युवा साथियों ने बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाए डोडवाडिया ने बताया कि ऐसे कार्य पुण्य का काम है ईस दौरान ऐसी स्थिति में बेजुबान पक्षियों के लिए गर्मी के समय में अधिक से अधिक परिंदे लगाने का आहान किया इस मौके पर बॉक्सर राजवीर, ठेकेदार हरलाल रूलानिया शिवपाल, रूलानिया, रवि जांगिड़, नरेंद्र सामोता ,राजेश मीणा राकेश डोडवाडिया, पिंटू खान व् युवा टीम के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

'वाहनों की सघनता से जांच करें'

निवाई, (निसं)। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सुरेशकुमार हरसोलिया ने मंगलवार को एसएसटी नाकों का निरीक्षण कर कार्मिकों को आवश्यक निर्देश दिए। हरसोलिया ने मंगलवार को अचानक एसएसटी नाका गुंसी पहुंचकर निरीक्षण किया जहाँ एसएसटी 4 राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर वाहनों की सघन जांच करती हुई पाई। आफिसर ने उनको वाहनों की सघन जांच करने के सख्त निर्देश देते हुए आचार सहित की कठोरता से पालन करने के निर्देश दिए।

फुले जयंती धूमधाम से मानने का निर्णय लिया

चाकसू, (निसं)। कस्बे के मनोहरा तालाब स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान प्रांगण में लक्ष्मीनारायण जमालदिया कोटखावदा की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन हुआ।

जिसमें लक्ष्मीनारायण जमालदिया ने समाज द्वारा आयोजित विवाह सम्मेलन में सेवा संस्थान एवं समाज द्वारा दी गई सामूहिक व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए समाज की एकजुटता की तारीफ की और समाज का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। संस्थान के सचिव सत्यनारायण तंवर और कोषाध्यक्ष ग्यारसी लाल बबेरवाल बरखेड़ा ने बताया कि मीटिंग में 12 मार्च 2024 (फुलेरा दोज) को आयोजित तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन के आय-व्यय विवरण पर विस्तुत चर्चा की गई जिसे 11अप्रेल 2024 को आयोजित होने वाली आमसभा में समाज के सम्मुख प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही 11 अप्रेल 2024 की आमसभा में सामूहिक विवाह सम्मेलन में सहयोग करने वाले सभी भामाशाहों का सम्मान कर उनके द्वारा किए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया जाएगा और सेवा संस्थान पर 11 अप्रेल को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती धूमधाम से मानने हेतु समाज बंधुओं को आवश्यक व्यस्थाओं की जिम्मेदारियां दी गई। सेवा संस्थान के उप कोषाध्यक्ष श्रवणलाल दुहारिया ने संस्थान का अनुमानित आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया साथ ही सेवा संस्थान के सदस्य सुरेशचंद मौर्य जादम कोटखावदा, सुरेश चन्द मली का मावर ठेकेदार, एडवोकेट महेश कुमार अजमेरा सवाई माधोसिंहपुरा, सुरेश कुमार सरसवाल केशवपुरा ने भी विचार व्यक्त किए। मीटिंग में हरिनारायण भीटरवाल, ओमप्रकाश सरसवाल केशवपुरा, पोखरमल मली का मावर, किशोरी लाल सोलंकी, कैलाशचंद मली का मावर रामद्वारा, हेमाराम बाथला, भंवर लाल सरसवाल, छीतरमल सरसवाल, रामेश्वर मौर्य जादम, मदनलाल राजकच्छावा, शंकर चुलीवाल, रामसहाय मली का मावर, गोपाल लाल सोलंकी, बोदूराम टांक, विनोद कुमार मली का मावर, छोटूराम अजमेरा, महेश सरसवाल, किशन लाल एवम् रामस्वरूप अजमेरा सहित कई समाज बंधु उपस्थित रहे।

- **माली समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन के आय-व्यय पर चर्चा की**

चाकसू में माली समाज बैठक आयोजित हुई।